प्रेस विज्ञप्ति
19 सितम्बर 2013

मुंबई पोर्ट ट्रस्ट में राजभाषा समारोह

मुंबई पोर्ट ट्रस्ट में दि.19 सितम्बर 2013 को राजभाषा समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. समारोह की अध्यक्षता मुं.पो.ट्र. के उपाध्यक्ष श्री रवि परमार (भा.प्र.से.), ने की और मुख्य अतिथि के रुप में राजभाषा विभाग से श्री विनोद कुमार शर्मा, उप निदेशक (कार्यान्वयन) को आमंत्रित किया गया था. मुख्य अतिथिजी ने हिंदी का प्रयोग बढाने के लिये राजभाषा के पोर्टल पर उपलब्ध यूनिकोड़ फाँट के बारे में जानकारी दी. उन्होंने कहा, "हिंदी का प्रयोग बढाने के लिये संगणक एक ब्रह्मास्त्र है, यूनिकोड़ की सहायता से हिंदी टंकण जानने वाले तथा न जानने वाले दोनो के लिये हिंदी टंकण आसान एवं सुविधाजनक है और सतत अभ्यास से इसमें प्रवीणता प्राप्त की जा सकती है."

उपाध्यक्षजी ने अपने अध्यक्षीय भाषण में मु.पो.ट्र. में हो रहे हिंदी कामकाज पर संतोष जताया और इस क्षेत्र में नयी उपलब्धियाँ हासिल करने की अपील की. साथ ही उन्होंने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को हार्दिक बधाई दी. तत्पश्चात गृह मंत्री माननीय श्री सुशील कुमार शिंदे जी का हिंदी दिवस का संदेश पढकर सुनाया गया. इस अवसर पर अप्रैल 2013 से 5 महीने चली हिंदी कामकाज़ प्रतियोगिता, हिंदी टंकण प्रतियोगिता, समाचार संकलन एवं प्रस्तुति तथा अधिकारियों की वाक् प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरित किये गये तथा जुलाई-अगस्त के 2 माहों में अपना शत-प्रतिशत हिंदी में करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया गया. इस प्रकार हिंदी कामकाज़ को बढाने के साथ साथ प्रतियोगियों की सृजनशीलता को बढाने का भी मौका मिला.

समारोह में प्रबंधक (मानव संसाधन) एवं मुख्य राजभाषा अधिकारी सुश्री सरोज टहिल्यानी तथा बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे. राष्ट्रगान के साथ समारोह का समापन किया गया.